सं.ई डी पी -एस डब्लयू/माइग्रेशन-2016 10 फरवरी 2017

# ऑडियो सोलुशन केलिए निविदा

**1.परिचय**

स्पाइसेस बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी संवर्धन का अग्रणी संगठन है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों तथा विदेशी निर्यातकों के बीच की कड़ी है।

**2. कार्य की संभावना**

स्पाइसेस बोर्ड, कोचिन के सम्मेलन कक्ष में ऑडियो सोलुशन की सप्लाई और स्थापना। विनिर्देश, धारा 6 में *" कोटेशन जिस फोर्मैट में प्रस्तुत किया जाना है"* के साथ दिए गए हैं।

**3. एजेंसी केलिए सूचना**

स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तुत किए गए किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने केलिए बाध्य नहीं है।

प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व स्पाइसेस बोर्ड किसी भी समय, किसी भी कारणवश, अपनी ही पहल पर या किसी आमंत्रित फर्म के स्पष्टीकरण के अनुरोध की प्रतिक्रिया में कार्य की संभावना का संशोधन कर सकता है। संशोधन संबंधी सूचना बोलीदाताओं को दी जाएगी और उन्हें उनका अनुसरण करना होगा। स्पाइसेस बोर्ड अपने विवेक के अनुसार प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख बढ़ा सकता है।

**4. चयन,पात्रता और मूल्यांकन मानक**

निम्नलिखित पात्रता-मानक पूरा करने वाली कंपनियों/फर्मों/संगठनों द्वारा निविदा प्रस्तुत की जाएगी और निविदा के साथ इसका प्रमाण प्रस्तुत किया जाएगा ।

1. बोलीदाता को संबंधित क्षेत्र में कम से कम पाँच साल का अनुभव होना चाहिए और इस संबंध में समर्थक दस्तावेज़ दिए जाने चाहिए।
2. बोलीदाता द्वारा कम से कम दो संगठनों में समान तरह के सिस्टम का कार्यान्वयन अनिवार्यत: किया गया हो।
3. तकनीकी तौर पर योग्य फ़र्मों का वित्तीय प्रस्ताव ही खोला जाएगा। जो फ़र्में योग्य नहीं हैं, उसका वित्तीय प्रस्ताव बिना खोले वापस भेजा जाएगा।

4. बोलीदाता कोट किए गए उत्पाद केलिए विनिर्माता प्राधिकार फ़ोर्म प्रस्तुत करेंगे।
5. कोट किए गए उत्पाद कम से कम दस सालों से विपणी में उपलब्ध हो और आई एस ओ 9001 प्रमाणित हो।

**5. बोली-पूर्व बैठक**

बोलीदाता जो निविदा में भाग लेते हैं बोली-पूर्व बैठक में भाग ले सकते हैं, जो 17-02-2017 को बोर्ड कक्ष, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एन एच बै-पास, पालारिवट्टम, कोचिन-25 में सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

**6. कोटेशन प्रस्तुत करने का फ़ोर्मैट**

बोलीदाता कोटेशन निम्नानुसार फ़ोर्मैट में देंगे :

| Sl. No. | Item | Description | Unit Price including three year warranty (inclusive of all charges and taxes)(for cabling, mention price per metre) | Quantity | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | mic (including chairman unit) | professional gooseneck electret condensor mic,cardioid polar pattern, 18 inch ,frequency response 70-16000Hz or above | | 31 | |
| 2 | Speakers with wall mount stand | Speakers with wall mount stand should leverage the latest technologies in cabinet materials, acoustic science and user friendliness that delivers professional, flexiable portable system, 5 inch two way speaker,108 db SPL,frequency range 48 Hz-20000 Hz or above, stand should be wall mount heavy duty steel tube speaker stand | | 4 | |
| 3 | Amplifier Pen drive enabled | 240W amplifier for adequate sound reinforcement. Suitable and compatible with other system. | | 1 | |
| 4 | Recording device including media | Audio output can be recorded to recording media. Shall support mp3 upto 4 GB or more. Capacity expandable via micro SD,SDHC.Direct USB connection to PC. | | 1 | |
| 5 | Cordless hand mic | Working Range-91m (300ft) Line of Sight Audio Frequency auto frequency scan with transmitter set up | | 2 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Coller Mic | Freq. Response – 20 to 20,000 Hz OR More ,Transducer Type : Condenser, Polar Pattern: Omnidirectional | | 1 | |
| 7 | Connectors | | | 60(approximate) | |
| 9 | Cables | Complete cabling for the above parts so as to provide a fully working audio conferencing system. Cable should be ISO 9001 certified. | | 500 metre (approximate) | |
| 8 | Mixer | Automatic conference mixer that allows any standard microphone and other inputs to be connected into a conference set up, 8 MIC/LINE channel mixer, delegate or chairman selectable options on each channel, individual phantom on each channel, each channel has a comb jack input connector | | 4 | |
| 9 | Audio Processor | 2 channel audio processor with automatic feedback reduction. | | 1 | |
| 10 | Installation and other charges (if any) | | | | |
| Total cost. | | | | | |

7. **सुपुर्दगी और स्थापना**

वेंडर को अनिवार्य रूप से वर्तमान फर्नीचरों को अस्तव्यस्त किए बिना उनके बीच से केबल डालना होगा। केबल डालने का कार्य स्पाइसेस बोर्ड के पदाधिकारियों के अनुदेशानुसार किया जाना होगा।

सप्लाई ऑॅर्डर जारी करने के 30 दिनों के अंतर्गत मदों की सुपुर्दगी और स्थापना की जाएगी।

स्थापना-कार्य पूरा करने केलिए अपेक्षित सिविल निर्माण-कार्य सप्लाइकर्त्ता करेगा।

सप्लाईकर्त्ता प्रदत्त सोलुशन के ठीक प्रयोग केलिए यूजर मैनुअल और प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

**8. बिक्री-पश्चात सेवा**

जब कभी अपेक्षित हो, बिक्री-पश्चात सेवा उपलब्ध की जानी चाहिए। शिकायतों का समाधान 24 घंटों के अंतर्गत किया जाना चाहिए।

**9.स्पष्टीकरण**

किसी भी स्पष्टीकरण केलिए, श्री जिजेष टी दास, उप निदेशक(ई डी पी) से 91-484-2333603/ jijesh.das@nic.in पर संपर्क किया जा सकता है।

**10. वारंटी समयावधि**

बोली अनिवार्यत: 3 वर्ष की बृहद ऑन-साइट वारंटी सहित कोट की जानी होगी और इसकी शुरूआत संतोषजनक स्थापना की तारीख से होगी।

**11. निविदा की प्रस्तुति**

रुचि रखने वाले "बोर्ड कक्ष केलिए ऑडियो सोलुशन" उपरिलिखित मुहरबंद लिफाफे में अपनी निविदा स्पीड पोस्ट/रेजिस्ट्रीकृत डाक के ज़रिए / या दस्ती भेज सकते हैं, ताकि 23 फरवरी 2017 को सायं 3.00 बजे आई एस टी, तक निम्नलिखित पते पर पहुँच जाए।

**उप निदेशक (ई डी पी)**
**स्पाइसेस बोर्ड,सुगंध भवन**
**एन एच बै-पास, पालारिवट्टम, कोचिन-25, टेली: +91-484-2333603**
**इ-मेइल : jijesh.das@nic.in**

(निविदाएँ 23 फरवरी 2017 को सायं 3.30 बजे आई एस टी स्पाइसेस बोर्ड, कोचिन में खोली जाएंगी)

**12. निबंधन व शर्तें**

i) वित्तीय बोली धारा 6 में उल्लिखित फोर्मैट में प्रस्तुत की जाएंगी। वित्तीय बोली एक अलग मुहरबंद लिफाफे में डाली जाएगी।

ii) निविदा अनिवार्यत: निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना सहित, उपरोक्त धारा में बताए गए चयन व मूल्यांकन मानक के अनुकूल होनी चाहिए।

iii) बोलीदाता द्वारा निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियाँ संलग्न की जानी है, यदि वह;

- स्वत्वधारी फर्म : इस संबंध में बोलीदाता द्‌वारा स्वत: घोषणा
- साझेदारी फर्म : फर्म का साझेदारी विलेख और रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र
- पब्लिक/प्राइवेट लिमिटेड कंपनी : कंपनी का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र और ज्ञापन व संस्था के अंतर्नियम

ιϖ) कार्य को पूरा करने की समयावधि, और यदि कोई अन्य सूचना, जो परियोजना
केलिए संगत हो।

v) प्रस्तुत करने के समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

vi) ऑडियो सोलुशन के सफल स्थापना के बाद कुल ऑर्डर मूल्य का 100 % भुगतान किया जाएगा।

vii) प्रस्तुत करने की तारीख से कम से कम 3 महीनों केलिए निविदा अनिवार्यत: विधिमान्य रहनी चाहिए। इस अवधि के दौरान, बोलीदाता को कार्य केलिए प्रस्तावित पेशेवर स्टाफ को अपने पास उपलब्ध रखना चाहिए। स्पाइसेस बोर्ड इस अवधि के दौरान निविदा पर निर्णय लेने का भरसक प्रयास करेगा। यदि स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तावों की विधिमानता-अवधि बढ़ाना चाहता है तो, उससे असहमत बोलीदाता को अपने प्रस्तावों की विधिमान्यता नहीं बढ़ाने का अधिकार है।

उप निदेशक (ई डी पी)